देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 28.12.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" बना उत्तराखंड में सुशासन का प्रभावी मॉडल, आम लोगों की सुविधा के लिये 13 जिलों में 135 शिविरों का किया गया आयोजन।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में ए.आई की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- ग्रामीण महिलाओं में उद्यमशीलता और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चंपावत में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

<u>सुशासन</u>

"जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम, प्रदेश में सुशासन का प्रभावी उदाहरण बन रहा है। इस पहल के तहत सरकार और प्रशासन सीधे जनता तक पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। राज्य के सभी 13 जिलों में अब तक 135 शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 74 हजार से अधिक नागरिकों से आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 8 हजार से ज्यादा आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविरों के माध्यम से 13 हजार से अधिक प्रमाण पत्र जारी किए गए और करीब 47 हजार नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिला।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारी अब दफ्तरों तक सीमित न रहकर सीधे लोगों के बीच पहुँच रहे हैं, ताकि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि शासन का उद्देश्य केवल आदेश देना नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को समझकर उनका त्वरित समाधान करना है।

<u>चर्चा/ए.आई</u>

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई के प्रोफेसर गणेश रामकृष्णन ने लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्वदेशी एआई पहल 'भारत–जेन' से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर राज्यपाल से चर्चा की। बातचीत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सामाजिक, तकनीकी और सांस्कृतिक महत्व पर विचार साझा किए गए।

राज्यपाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक परिवर्तनकारी तकनीक है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि 'भारत–जेन एआई' देश को एआई के

क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि एआई को भारत की सांस्कृतिक धरोहर, ज्ञान परंपरा और जड़ों से जोड़ना आवश्यक है, ताकि भारतीय ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ एक सशक्त स्वरूप मिल सके।

प्रोफेसर गणेश रामकृष्णन ने बताया कि 'भारत–जेन' का उद्देश्य हर भारतीय को तकनीक और एआई का केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उसका निर्माता बनाना है।

<u>स्थिति स्पष्ट</u>

अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक तथ्यों पर पुलिस ने स्थिति स्पष्ट की है। अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, डॉ. वी. मुरुगेशन ने कहा कि यह एक गंभीर और संवेदनशील मामला है, जिसमें घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने तत्काल कार्रवाई की थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में एसआईटी की जांच के बाद निचली अदालत में सुनवाई हुई, जिसमें दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

हाल ही में इस प्रकरण से जुड़े कुछ ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की हैं, जिनकी जांच जारी है। अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास इस मामले से संबंधित कोई प्रामाणिक जानकारी या साक्ष्य हों, तो उन्हें जांच एजेंसियों को उपलब्ध कराना चाहिए।

<u>राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन</u>

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन की बदौलत अब तक 31 क्षेत्रों में 45 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलाने में सफलता मिली है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत पिछले आठ महीने में 67 हजार से अधिक शिकायतों का निपटान किया गया। मंत्रालय के अनुसार, सर्वाधिक 39 हजार से अधिक शिकायतें ई–कॉमर्स क्षेत्र की थीं जिनमें 32 करोड़ रुपये की राशि वापस कराई गई। मंत्रालय ने बताया कि उपभोक्ता टोल–फ्री नंबर 1915 पर फोन कर 17 भाषाओं में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह 129वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह कार्यक्रम सीधा प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का प्रादेशिक भाषाओं में भी प्रसारण किया जाएगा।

कार्यशाला आयोजन

ग्रामीण महिलाओं में उद्यमशीलता और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चंपावत में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखण्ड के पर्यटन एवं ग्राम्य विकास सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने की। कार्यशाला की शुरुआत में सचिव ने कलेक्ट्रेट परिसर में महिला सहायता समूहों और विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय कृषि, बागवानी और अन्य उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने, उनके संवर्धन और बेहतर विपणन पर जोर दिया।

मुख्य सत्र में मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के तहत महिलाओं की उद्यमशीलता और व्यावसायिक क्षमता बढ़ाने पर चर्चा की गई। सचिव ने महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। उन्होंने रूरल सेंटर इन्क्यूबेटर को सशक्त करने और 'लखपति दीदी' योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

सचिव गर्ब्याल ने कृषि, बागवानी और पर्यटन को जोड़कर क्लस्टर आधारित मॉडल अपनाने, पारंपरिक पहाड़ी शैली में होम–स्टे विकसित करने और ट्रैकिंग ट्रेल्स के माध्यम से रोजगार सृजन के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं को होम–स्टे संचालन के लिए प्रशिक्षण देने तथा खिरद्वारी क्षेत्र को ट्राइबल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए चरणबद्ध योजना तैयार करने पर भी जोर दिया।

अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई

राज्य में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत आज देहरादून और उधमसिंह नगर के गदरपुर में एक–एक अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। प्रशासन के अनुसार यह कार्रवाई सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया के तहत की गई, जिसमें पहले संबंधित स्थलों पर नोटिस की औपचारिकता पूरी की गई थी। सरकार के कार्यकाल में अब तक राज्यभर में 570 अवैध संरचनाओं को हटाया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में सरकारी भूमि पर कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह के अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

विमोचन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्डी गीत "पैली–पैली बार" का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह गीत सरकार के विकास कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने और समाज में जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बनेगा।

मुख्यमंत्री ने लोक कलाकारों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार, उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति, भाषा और परंपराओं के संरक्षण के लिए लगातार काम कर रही है। "पैली–पैली बार" गीत में

राज्य में पहली बार हुए कई प्रमुख विकास कार्यों और सरकार की योजनाओं को जन–सामान्य तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

उत्तराखंड में 191 सीएससी में श्रमिकों को देंगे विशेष सेवा– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है, योजनाओं से संबंधित जानकारी, पंजीकरण और अन्य सेवाओं का मिलेगा लाभ, सीएम धामी ने किया इस सेवा का शुभारंभ।

मौसम की खबर पर अमर उजाला लिखता है– पहाड़ों पर हिमपात, उत्तराखंड में कोहरे का अलर्ट, प्रदेश में आने वाले दिनों में बारिश और बर्फबारी की संभावना।

और, मसूरी में नए साल पर 3 हजार वाहनों को ही मिलेगी एंट्री– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– देहरादून और मसूरी में नए साल के लिए यातायात प्लान लागू, मसूरी जाने वाले वाहनों को शहर में नहीं मिलेगा प्रवेश।